| |
|---|
| दिनांक 06.09.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 07/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## आपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप जघन्य अपराधों में अभियुक्तों को आजीवन कारावास आदि की सजा

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व समय–समय पर दिए गए निर्देशों के क्रम में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए आपरेशन कन्विक्शन कार्य योजना के तहत उ0प्र0 पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा मा0 न्यायालय में संयुक्त रूप से प्रभावी पैरवी कराकर न्यूनतम समय में अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त के क्रम में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा हत्या, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट आदि जघन्य अपराधों में मुख्यतः निम्न जनपदों में अभियुक्तों को आजीवन कारावास आदि की सजा सुनाई गई है।

- **जनपद फिरोजाबाद/थाना टूण्डला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 22 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना टूण्डला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 3क/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू को आजीवन कारावास व 22 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद गोरखपुर/थाना कैण्ट (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना कैण्ट पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त विपिन 2–अजीत को आजीवन कारावास व 20–20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सुलतानपुर/थाना गोसाईगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तों को 10–10 वर्ष के कारावास की सजा व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सुलतानपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सुलतानपुर द्वारा थाना गोसाईगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304(1)/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रोहित कुमार 2–सुरजीत 3–हरिकेश 4–सुरेश को 10–10 वर्ष के कारावास व 50–50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद फतेहपुर/थाना मलवां (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 10–10 वर्ष के कारावास की सजा व 26–26 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फतेहपुर द्वारा थाना मलवां पर पंजीकृत अभियोग में धारा 326ए/354 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–सुनील कुमार 2–मुख्तार को 10–10 वर्ष के कारावास व 26–26 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हरदोई/थाना पिहानी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हरदोई पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हरदोई द्वारा थाना पिहानी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 366/376(1) भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त नीरज कुमार उर्फ मोहित को 07 वर्ष के सश्रम कारावास व 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

**<u>जनपद देवरिया/थाना कोतवाली</u>**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 02 लाख 04 हजार 900 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 06.09.2023 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बेलडाड मोड़ के पास से 04 अभियुक्तों 1–राहुल 2–विनय 3–मैनुद्दीन 4–अमन को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 02 लाख 04 हजार 900 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राहुल निवासी फुलवरिया करन थाना सुरौली जनपद देवरिया।

2–विनय निवासी फुलवरिया करन थाना सुरौली जनपद देवरिया।

3–मैनुद्दीन निवासी फुलवरिया करन थाना सुरौली जनपद देवरिया।

4–अमन निवासी फुलवरिया करन थाना सुरौली जनपद देवरिया।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 02 लाख 04 हजार 900 रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## <u>कमिश्नरेट वाराणसी/थाना बड़ागॉव</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूटे गये 25 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **आधार कार्ड, पासबुक आदि बरामद**

दिनॉकः 06.09.2023 को थाना बड़ागॉव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हरहुआ के पास से 02 अभियुक्तों 1–शमशाद उर्फ सद्दाम 2–अतहर अली को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 25 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन आधार कार्ड, पासबुक आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 25.08.2023 को थाना बड़ागॉव क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बड़ागॉव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बड़ागॉव पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–शमशाद उर्फ सद्दाम निवासी सूजाबाद पड़ाव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

2–अतहर अली निवासी सिकन्दरपुर थाना चकिया जनपद चन्दौली।

**बरामदगी**

2—लूटे गये 25 हजार रूपये नगद।

3—01 मोबाइल फोन।

4—आधार कार्ड, पासबुक आदि।

**जनपद शाहजहॉपुर/थाना जलालाबाद**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये सोने के आभूषण**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/मिस कारतूस बरामद**

दिनॉकः 05.09.2023 की रात्रि थाना जलालाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निर्माणाधीन इमारत पुराना बार्डर के पास से 02 अभियुक्तों 1—विवेक कुमार 2—विपल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये सोने के आभूषण, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/मिस कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विवेक कुमार निवासी रसेम थाना कांट जनपद शाहजहॉपुर।

2—विपल निवासी पुरैना थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1—लूटे गये सोने के आभूषण।

2—02 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

4—02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/मिस कारतूस।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना कटरा

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत के 01 किलोग्राम अवैध अफीम (फाइन क्वालिटी)**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 06.09.2023 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मलूकापुर रेलवे फाटक के पास से 04 अभियुक्तों 1–शफीम 2–आदर्श 3–बाबूराम 4–प्रेमपाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत के 01 किलोग्राम अवैध अफीम (फाइन क्वालिटी), 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कटरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शफीम निवासी अहमदपुर गौटिया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

2–आदर्श निवासी ग्राम समाधाना थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।

3–बाबूराम निवासी अमनपुर गौटिया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

4–प्रेमपाल निवासी अमदपुर गौटिया थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत के 01 किलोग्राम अवैध अफीम।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद चन्दौली/थाना मुगलसराय

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 05.09.2023 की रात्रि थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जीटीआर ब्रीज रोड स्लोप के पास से 03 अभियुक्तों 1– मनीष उर्फ मंगरू

2–लल्लू कुमार 3–गोविन्द को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना मुगलसराय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मनीष उर्फ मंगरू निवासी गंजख्वाजा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

2–लल्लू कुमार निवासी चतुर्भुजपुर लखमीपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

3–गोविन्द निवासी गंजख्वाजा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

––––––